कुर्बानी

भारत के वीरों आओ,
आगे को कदम बढ़ाओ ।
कर दो दुनिया में ऐलान,
हाय रे हम देश पर कुर्बान ।।

चीन ना जापान मागूं,
पाक ना ईरान मागूं ।
हथियारों की नहीं जरुरत,
टैंक न विमान मागूं ।।
भारत की तस्वीर न देंगे,
ये प्यारा कश्मीर न देंगे ।
दे देंगे चाहे अपने प्राण,
हाय रे हम देश पर कुर्बान ।।

आये हो कहां से दुश्मन,
देने को जान अपनी।
भारत का बच्चा बूढ़ा,
न देगा शान अपनी ।।
देश पर मरेंगे कटके,
गोलियों के आगे डटके ।
है मेरा यही स्वाभिमान,
हाय रे हम देश पर कुर्बान ।।

भारत के वीरों आओ,
आगे को कदम बढ़ाओ ।
कर दो दुनिया में ऐलान,
हाय रे हम देश पर कुर्बान ।।

सुरेन्द्र कुमार कर्णवाल, माली